SJU Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 24 अगस्त 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 324

# कश्मीर मसले पर कोई तीसरा देश ना दे दखल:मैक्रों

## पीएम मोदी को मिला फ्रांस का साथ



**पेरिस ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों और उनके वित्तय तथा बुनियादी ढांचे को खत्म करने के लिए विश्व के अन्य देशों से साथ मिल कर काम करने का अनुरोध किया। मैक्रों ने कहा कि भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय ढंग से कश्मीर मुद्दे का समाधान निकालना चाहिए और क्षेत्र में किसी तीसरे पक्ष को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए या हिंसा को भड़काना नहीं चाहिए।

इस दौरान पीएम मोदी ने फ्रांस को भारत का एक अहम दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध सैकड़ों साल पुराना है। उन्होंने ग्लोबल चैलेंजेस से निपटने के लिए फ्रांस के सहयोग के लिए आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि आज दोनों ही देशों के सामने आतंकवाद एक बड़ा मुद्दा है लेकिन फ्रांस और भारत आपसी सहयोग से इस समस्या को भी हल कर लेंगे। इस दौरान उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रो को जी 7 समिट का नेतृत्व करने के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि फ्रांस का यह दौरा मेरे लिए एक यादगार पल है।

मोदी यहां फ्रांस की यात्रा पर पहुंचे है, जहां 24 अगस्त को वह जी-7 सम्मिट में भी भाग लेंगे। मोदी और मैक्रों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों देशों ने अल-कायदा, दइश, इस्लामिक स्टेट, जैश-ए-मोहम्मद,लश्कर-ए-तैयबा आदी जैसे आतंकवादी संगठनों के दक्षिण एशिया और साहेल क्षेत्र में सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए अन्य देशों से साथ मिल कर काम करने का अनुरोध किया है।

बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने विश्व भर में आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए भारत द्वारा प्रस्तावित वैश्विक सम्मेलन के शीघ्र आयोजन के लिए काम करने पर सहमति व्यक्त की।

मोदी ने इस साल जून में मालदीव की यात्रा के दौरान पहली बार आतंक पर एक वैश्विक सम्मेलन के प्रस्ताव को रखा था। दोनों नेता नोडल एजेंसियों और दोनों देशों की जांच एजेंसियों के बीच बेहतर सहयोग को आगे बढ़ाने तथा इंटरनेट कट्टरता को रोकने और नए सिरे से लड़ने के लिए नए प्रयासों की शुरुआत करने पर भी सहमत हुए।

बयान के अनुसार, मोदी और मैक्रो बहुपक्षीय मंच जैसे संयुक्त राष्ट्र, जीसीटीएफ, एफएटीएफ, जी 20 आदि में आतंकवाद विरोधी प्रयासों को मजबूत करने पर सहमत हुए। उन्होंने सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से यूएनएससी प्रस्ताव 1267 और अन्य प्रासंगिक प्रस्तावों को लागू करने का आह्वान किया जिसमें आतंकवादी संगठनों को नामित किया गया था। इसके अलावा दोनों ने यूएन में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद (सीसीआईटी) पर व्यापक कन्वेंशन को जल्दी अपनाने पर नेताओं ने एक साथ काम करने पर सहमति व्यक्त की।

इस दौरान दोनों नेताओं ने साझा रूप से कहा, आतंकवाद को किसी भी आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता है और इसे किसी भी धर्म, पंथ, राष्ट्रीयता और जातीयता के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मोदी फ्रांस की तीन दिन की यात्रा पर है जिसके बाद वह 24 अगस्त को आयोजित होने वाले जी-7 सम्मिट में भाग लेंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### जन्माष्टमी के मौके पर मंदिर में भगदड़, 4 की मौत

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के कोचुआ इलाके में लोकनाथ बाबा मंदिर में जन्माष्टमी के पहले ज्यादा भीड़ के चलते मची भगदड़ में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 26 लोग घायल हो गए, गंभीर रूप से घायल 11 लोगों को कोलकाता के नेशनल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घायलों को देखने पहुंच गई हैं। जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के कोचुआ इलाके में शुक्रवार को जन्माष्टमी के मौके पर लोकनाथ बाबा मंदिर में पूजा करने वालों की भीड़ लगी हुई थी। बताया जाता है कि सुबह से ही वहां पर बारिश हो रही है। इसी दौरान मंदिर के नजदीक बनी एक दीवार गिर पड़ी। दीवार गिरने की खबर से मंदिर में अफरा-तफरी मच गई. भगदड़ की चपेट में आने से चार लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. इस हादसे में 26 लोग घायल हुए हैं. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत निकट के अस्पताल में भर्ती कराया जहां से 11 को गंभीर हालत में नेशनल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है. हादसे की सूचना पाकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घायलों को देखने अस्पताल पहुंच गई है. मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवार को 5 लाख, घायलों को 1 लाख और जिन लोगों को चोट आई है उन्हें 50 हज़ार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है.

### दो हफ्ते में जवाब दाखिल करे यूपी सरकार

**» अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई. चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अगुवाई में पांच जजों की बेंच ने अयोध्या राम मंदिर और बाबरी मस्जिद ज़मीन विवाद पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को हलफनामा दाखिल करने और मामले में किए गए अनुरोध की जांच करने के आदेश दिए. इसमें प्रदेश सरकार को दो हफ्ते के अंदर जवाब दाखिल करना होगा. ज्ञात हो कि इस मामले में बीजेपी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और उमा भारती आरोपी हैं.

### यात्री वाहन और ट्रक के बीच भिड़ंत में 17 लोगों की मौत

**» नाइजीरिया में बड़ा सड़क हादसा**

**अबुजा ।** नाइजीरिया के चारा स्टेट में गुरुवार को यात्री वाहन और ट्रक के बीच भयंकर भिड़ंत में 17 लोगों की मौत हो गई। फेडरल रोड सेफ्टी कॉर्प्स के अनुसार हादसे में अन्य दो लोगों को भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसा यात्री बस और ट्रक के बीच जेबा-लोरिन राजमार्ग पर हुआ। रोड सेफ्टी मामलों के अध्यक्ष उशीम ईशिएट ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वाहन की तेज गति और गलत ढंग से ड्राइविंग के कारण यह हादसा हुआ। राजमार्ग पर एक तेज घुमावदार मोड़ पर चालक से वाहन संभाला नहीं गया जिसके चलते यह हादसा हुआ। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ समय से नाइजीरिया में खराब सड़को तथा गलत तरीके से ड्राइविंग और अत्यधिक यात्रियों से भरे वाहनों के कारण आये दिन कोई न को नहीं दुर्घटना होती रहती है। एफआरएससी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017 में सड़क दुर्घटना के 9383 मामलें दर्ज किये गए जिसमें 5121 लोगों की मौत हो गयी।

## मनमोहन सिंह ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने शुक्रवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली. वो राजस्थान से निर्विरोध राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं. सभापति के कक्ष में मनमोहन सिंह के शपथ ग्रहण के दौरान कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अहमद पटेल, गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे. राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी यहां मौजूद थे.

मनमोहन सिंह छठवीं बार राज्यसभा पहुंचे हैं. इससे पहले वो पांच बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं. हर बार वो पूर्वोत्तर के राज्य असम से राज्यसभा के लिए चुने जाते रहे हैं. इस बार पहली दफा वो राजस्थान से राज्यसभा के लिए चुनकर आए हैं. बीजेपी नेता मदनलाल सैनी के निधन की वजह से संसद के उच्च सदन की ये सीट खाली हुई थी.

राज्यसभा सांसद के लिए हुए उपचुनाव में डॉ. मनमोहन सिंह का चुना जाना पहले से ही तय माना जा रहा था. इसके लिए राजनीति का गणित पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में था. सत्ताधारी कांग्रेस को राजस्थान में 119 विधायकों का समर्थन था.

इनमें कांग्रेस के पास अपने 100 विधायक थे. जबकि उसे एक आरएलडी,

## पाकिस्तान के रेल मंत्री की लंदन में पिटाई, अंडे भी मारे



**लंदन ।** भारत सरकार ने जब अनुच्छेद 370 को खत्म किया, तो भारत को परमाणु हमले की धमकी देने वाले पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद की लंदन में जमकर पिटाई की गई है। भीड़ ने उन्हें लात-घूसों से पीटा और अंडे फेंक कर मारे। हमलावरों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है और रशीद की पिटाई करने के बाद वे मौके से फरार हो गए।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख व रेल मंत्री शेख रशीद पर लंदन में उस समय हमला किया गया जब वह एक होटल में पुरस्कार समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। हमलावर शेख रशीद को पीटने के बाद वहां से भाग निकले। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी से संबद्ध पीपुल्स यूथ ऑर्गनाइजेशन यूरोप के अध्यक्ष आसिफ अली खान और पार्टी की ग्रेटर लंदन महिला शाखा की अध्यक्ष समाह नाज ने ली है।

रेल मंत्री शेख रशीद ने कुछ दिन पहले ही पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी के खिलाफ अपशब्द कहे थे, जिसके बाद से पीपुल्स यूथ ऑर्गनाइजेशन यूरोप और ग्रेटर लंदन महिला शाखा के सदस्य उनसे नाराज चल रहे थे। हालांकि उन्होंने रशीद पर केवल अंडा फेंकने की बात कही है।

**हमलावरों ने कहा- केवल अंडे फेंके गए**

दोनों नेताओं ने कहा कि पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद को उनका अहसानमंद होना चाहिए, कि उन्होंने उनके खिलाफ विरोध जताने के लिए ब्रिटेन में अंडा फेंकने के सभ्य तरीके का ही इस्तेमाल किया। अवामी मुस्लिम लीग ने कहा कि उनके पास इस घटना का कोई वीडियो तो नहीं है लेकिन उन्होंने बताया कि उनके संगठन के सदस्यों ने शेख रशीद के ऊपर हमला किया था। इस मामले में जल्द मामला दर्ज कराया जा सकता है।

## जी-7 बैठकों में कश्मीर मसला ट्रंप के एजेंडे में शामिल



**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों में कश्मीर मसला, यूरोप को रूसी गैस आपूर्ति तथा वेनेजुएला समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। फ्रांस के बिआरिज में 24 से 26 अगस्त के बीच जी-7 का शिखर सम्मेलन हो रहा है।

अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि ट्रंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

अधिकारी ने कहा कि ट्रंप जी-7 की बैठक में कश्मीर पर तनाव को कम करने के लिए मोदी की योजना के बारे में सुनना चाहेंगे। अधिकारी ने कहा कि दोनों नेता व्यापार के मामलों पर भी चर्चा करेंगे, क्योंकि अमेरिका भारत को अमेरिकी माल और सेवाओं के लिए अपना बाजार खोलने के लिए आयात शुल्क कम करना चाहता है।

अधिकारी ने कहा कि ट्रंप और मर्केल के बीच जी-7 सम्मेलन के इतर रूसी प्राकृतिक गैस आपूर्ति पर यूरोप की निर्भरता पर चर्चा होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा,वे (ट्रंप और मर्केल) ऊर्जा सुरक्षा और रूसी गैस स्रोतों पर यूरोपीय निर्भरता को कम करने के महत्व पर भी विचार-विमर्श करेंगे।

ट्रंप और जॉनसन ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर निकलने और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार सौदे पर भी बातचीत होने की संभावना पर है। ट्रंप और ट्रूडो के बीच वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार पर बढ़ते दबाव और हांगकांग की स्थिति पर चर्चा होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व के नेता रूस को जी 8 में फिर से लाने के लिए चर्चा कर सकते हैं।

## तीन तलाक बिल के खिलाफ जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को भेजा नोटिस



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक निरोधक कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को केंद्र सरकार से जवाब तलब किया। शीर्ष अदालत ने जमीयत उलमा-ए-हिन्द एवम् दो अन्य की याचिकाओं की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। बता दें याचिकाकर्ताओं ने मुस्लिम (विवाह अधिकार संरक्षण) कानून 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है।

गौरतलब है कि बीते महीने के अंत में तीन बार लोकसभा से पास हो चुके तीन तलाक पर राज्यसभा ने भी अपने कड़ी परीक्षा के बाद मुहर लगा दी थी। हालांकि, नीतीश कुमार की जेडीयू और एआईएडीएमके समेत कुछ दलों ने राज्यसभा में वोटिंग के दौरान हाजिर न रहने का फैसला किया था।

इन दलों की वोटिंग के दौरान गैर मौजूदगी के चलते 240 सदस्यी राज्यसभा में जरूरी आकड़े तीन तलाक बिल के पक्ष में पड़ पाए। विपक्षी दलों ने तीन तलाक बिल को सेलेक्ट कमेटी के पास भेजे जान के मांग की थी। लेकिन, सेलेक्ट कमेटी के पास भेजे जाने के प्रस्ताव में 84 वोट पड़े जबकि इसके खिलाफ 100 वोट पड़े थे। इसके फौरन बाद तीन तलाक बिल राज्यसभा से पास हो गया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने भी अपनी मुहर लगा दी थी।

## मोदी को खलनायक की तरह पेश करना गलत

**» जयराम रमेश के बाद अब सिंघवी बोले**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने अपने सहयोगी जयराम रमेश का समर्थन करते हुए शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खलनायक की तरह पेश करना गलत है और ऐसा करके विपक्ष एक तरह से उनकी मदद करता है. सिंघवी ने रमेश के बयान का हवाला देते हुए ट्वीट किया, मैंने हमेशा कहा है कि मोदी को खलनायक की तरह पेश करना गलत है. सिर्फ इसलिए नहीं कि वह देश के प्रधानमंत्री हैं, बल्कि ऐसा करके एक तरह से विपक्ष उनकी मदद करता है.

उन्होंने कहा, काम हमेशा अच्छा, बुरा या मामूली होता है. काम का मूल्यांकन व्यक्ति नहीं बल्कि मुद्दों के आधार पर होना चाहिए. जैसे उज्ज्वला योजना कुछ अच्छे कामों में से एक है. बाद में सिंघवी के बयान का कांग्रेस नेता शर्मिष्ठा मुखर्जी ने भी समर्थन किया, उन्होंने कहा कि आलोचना नीतियों पर होनी चाहिए, न कि व्यक्ति पर.

दरअसल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन का मॉडल पूरी तरह नकारात्मक गाथा नहीं है और उनके काम के महत्व को स्वीकार नहीं करके और हर समय उन्हें खलनायक की तरह पेश करके कुछ हासिल नहीं होने वाला है. रमेश ने एक पुस्तक के विमोचन के मौके पर कहा कि यह वक्त है, जब हम मोदी के काम और 2014 से 2019 के बीच उन्होंने जो किया उसके महत्व को समझें, जिसके कारण वह सत्ता में लौटे. इसी की वजह से 30 प्रतिशत मतदाताओं ने उनकी सत्ता वापसी करवाई.

## आकाशीय बिजली गिरने से 4 की मौत, 100 घायल

**वारसॉ ।** दक्षिणी पोलैंड के टैट्रा पहाड़ी इलाके में आंधी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चों सहित चार लोगों की गुरुवार को मौत हो गई और 100 से अधिक घायल हो गए। बचाव दल को सहयोग देने के लिए पोलिश प्रधानमंत्री माटेयूस्ज मोराविएकी ने वहां का दौरा किया। समाचार एजेंसी एफे के मुताबिक, गुरुवार की दोपहर स्लोवाक की तरफ वाले हिस्से में, जो पोलैंड और स्लोवाकिया को विभाजित करता है, आकाशीय बिजली गिरने से एक अन्य व्यक्ति की मौत होने से मृतकों की संख्या चार हो गई। मोराविएकी ने कहा, बचाव और आपातकालीन सेवाएं वह सबकुछ कर रही हैं जो कर सकती हैं।

## ईडी से जुड़े मामले में चिदम्बरम को सोमवार तक गिरफ्तारी से राहत



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने आईएनएक्स मीडिया निवेश के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जुड़े मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदम्बरम को गिरफ्तारी से 26 अगस्त तक अंतरिम राहत प्रदान की है। न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने ईडी से जुड़े मामले में चिदम्बरम को अगले सोमवार तक गिरफ्तारी से राहत प्रदान की। न्यायालय ने सीबीआई मामले की सुनवाई भी 26 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। चिदम्बरम आईएनएक्स मीडिया में निवेश से जुड़े कथित भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामले में सीबीआई और ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री फिलहाल 26 अगस्त तक सीबीआई की हिरासत में हैं। सुनवाई के शुरू में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि अग्रिम जमानत याचिका अब सुनवाई योग्य नहीं रही, क्योंकि सीबीआई ने चिदम्बरम को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें हिरासत में भेज दिया गया है। इस पर न्यायालय ने सीबीआई मामले में सुनवाई 26 अगस्त तक स्थगित कर दी, लेकिन ईडी मामले में सुनवाई जारी रखी।

ईडी मामले में चिदम्बरम की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि उनके मुवक्किल की अग्रिम जमानत मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय का फैसला सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के नोट में उल्लेखित टिप्पणियों का 'कट एंड पेस्ट' संस्करण है, हालांकि मेहता ने उनकी इस टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताया।

मेहता ने चिदम्बरम की विदेश की विभिन्न सम्पत्तियों का हवाला देते हुए कहा कि जांच एजेंसी को इनकी तह तक जाना है। उन्होंने कहा कि जब तक चिदम्बरम फरार चल रहे थे और उन्हें जब तक हिरासत में लेकर पूछताछ नहीं की जाती तब तक इस साजिश से पर्दा नहीं उठेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि चिदम्बरम ने आईएनएक्स मीडिया में निवेश मामले में इसके मालिक पीटर मुखर्जी और उनकी पूर्व पत्नी इंद्राणी मुखर्जी को विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) की मंजूरी का आश्वासन दिया था। इसके बदले में न्यायालय ने चिदम्बरम को सोमवार तक अंतरिम संरक्षण प्रदान किया।00